RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार 23 अक्टूबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 181 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# 150 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त !



### तीन लोग गिरफ्तार

**अहमदाबाद :** अहमदाबाद पुलिस और राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र में एक अभियान के दौरान 150 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए और तीन लोगों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अहमदाबाद के पुलिस उपायुक्त (अपराध) चैतन्य मांडलिक ने बताया कि अपराध शाखा और डीआरआई ने एक संयुक्त अभियान में महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले की दो फैक्टरियों और कुछ घरों से कोकीन, मेफेड्रोन (एमडी) और केटामाइन जब्त की। उन्होंने बताया, ''डीआरआई की पुणे इकाई और अहमदाबाद अपराध शाखा ने औरंगाबाद में एक संयुक्त अभियान चलाया, जिसमें दो फैक्टरियों और कुछ घरों से 150 करोड़ रुपये के मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किये गए। जब्त की गई प्रतिबंधित वस्तुओं की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में तीन से चार गुना अधिक होने का अनुमान है।'' पुलिस अधिकारी के मुताबिक, अपराध शाखा को मिली गुप्त जानकारी के आधार पर मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ किया गया। उन्होंने बताया कि तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया और इस संबंध में डीआरआई ने मामला दर्ज किया है।

# मराठा समुदाय को आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध महाराष्ट्र सरकार...

# आत्महत्या जैसे कदम न उठाएं: शिंदे



**ठाणे :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार मराठा समुदाय को नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण देने को प्रतिबद्ध है। उन्होंने युवाओं से आत्महत्या जैसे कदम नहीं उठाने का आग्रह किया। शिंदे ने यहां भवानी चौक में नवरात्रि से संबंधित कार्यक्रम में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि ऐसे कदम उठाने से पहले अपने माता-पिता, परिवार, रिश्तेदारों, बच्चों और दोस्तों के बारे में सोचें। 19 अक्टूबर को मराठा आरक्षण कार्यकर्ता सुनील कावले का शव मुंबई के बांद्रा इलाके में एक फ्लाईओवर के किनारे लाइट के खंभे से लटका हुआ मिला था। उन्होंने एक सुसाइड नोट छोड़ा था, जिसमें समुदाय को आरक्षण देने की मांग की गई थी। शिंदे ने कहा, 'महाराष्ट्र सरकार मराठा समुदाय को कानून के दायरे में आरक्षण देने की पूरी कोशिश कर रही है। राज्य सरकार ने उच्चतम न्यायालय में उपचारात्मक याचिका दायर की, जिसे 13 अक्टूबर को स्वीकार कर लिया गया। आत्महत्या जैसा कदम न उठाएं। ऐसी कार्रवाई बहुत पीड़ादायक और दुखद होती है।''

## मुंबई में बढ़ते पॉल्यूशन के मुद्दे पर विपक्ष हमलावर, आदित्य ठाकरे ने कही ये बात

**मुंबई :** इन दिनों मुंबई में प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है. यह लगातार दूसरा साल है, जब मुंबई में हवा की गुणवत्ता खराब श्रेणी में जाती नजर आ रही है. बताया जा रहा है कि इसका मुख्य कारण यहां हो रहे निर्माण कार्य हैं. मुंबई में प्रदूषण को लेकर कांग्रेस लगातार हमलावर हो रही है. इसी बीच शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे का बयान आया है. अपने बयान में आदित्य ठाकरे ने मौजूदा सरकार पर हमला बोला है.शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि, मुंबई में अदकबढ़ रहा है और हवा की गुणवत्ता खराब हो रही है. यह मुद्दा पिछले साल भी हुआ था. जब हमारी सरकार थी, तो मुंबई क्लाइमेट एक्शन प्लान जारी किया गया था जो है अभी भी बीएमसी ऐप में मौजूद है.

## चोरी कर बिल्डिंग से कूदा 'स्पाइडर मैन' तो टूटे दांत, 4 महीने बाद उसी दांत ने पहुंचाया जेल



**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने चोरी की वारदात के करीब 4 महीने बाद 'स्पाइडर-मैन'के नाम से मशहूर एक चोर को पकड़ा है. यह चोर अपने टूटे हुए दांतों की वजह से पुलिस की गिरफ्त में आया है. 'स्पाइडर-मैन' के नाम से मशहूर एक अज्ञात चोर बोरीवली में चोरी करने के बाद भागते समय दूसरी मंजिल से गिर गया. कूदने की वजह से उसके दो दांत टूट गए थे. चोर के पैर में भी फ्रैक्चर हो गया था. दिलचस्प बात यह है कि पुलिस ने चार महीने बाद उन्हीं दो टूटे दांतों की मदद से चोर को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक स्पाइडर मैन नाम से मशहूर 29 साल के चोर की पहचान रोहित राठौड़ के रूप में हुई है.

## मुंबई के 18 होटलों पर एफडीए ने कसा शिकंजा...

### 2 के लाइसेंस रद्द, लाखों का जुर्माना



**मुंबई :** फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन यानी एफडीए ने मुंबई के 18 होटलों पर बड़ी कार्रवाई की है। इनमें से दो होटलों के लाइसेंस भी एफडीए ने रद्द कर दिए हैं। साथ ही एफडीए ने नियमों की अनदेखी करने वाले होटलों से 1 लाख 70 हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला है। कुछ दिन पहले दक्षिण मुंबई के एक होटल में चिकन डिश में चूहा मिलने की शिकायत एक ग्राहक ने की थी। जिसके बाद एफडीए ने पूरे मामले को गंभीरता से लिया और शहर में तेजी से कार्रवाई शुरू की। मिली जानकारी के मुताबिक, खाद्य सुरक्षा नियमों का पालन न करने पर एफडीए ने लोअर परेल स्थित प्रसिद्ध चायनीज रेस्टोरेंट 'मेराक'के खिलाफ कार्रवाई की है। एफडीए ने होटल को खाद्य सुरक्षा संबंधी नियमों का पालन करने के लिए दो महीने का वक्त दिया है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि इस समयावधि के भीतर दिए गए निर्देशों का पालन नहीं किया गया तो कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। अब तक मुंबई के 18 होटलों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। एफडीए ने इन होटलों से 1 लाख 70 हजार रुपये का जुर्माना वसूला है। एफडीए के संयुक्त आयुक्त शैलेश आढाव ने बताया कि दो होटलों के लाइसेंस रद्द कर दिये गये हैं। उन्होंने कहा, शहर भर में एफडीए की कार्रवाई जारी रहेगी।

## चलती ट्रेन में 4 लोगों की जान लेने वाले आरपीएफ सिपाही के खिलाफ 1206 पेज की चार्जशीट...



**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस हत्याकांड में आरपीएफ के बर्खास्त सिपाही चेतन सिंह चौधरी के खिलाफ आरोप पत्र दायर कर दिया है. चौधरी पर इस साल 31 जुलाई को एक चलती ट्रेन में अपने वरिष्ठ साथी और तीन यात्रियों की कथित रूप से गोली मारकर हत्या करने का आरोप है. 1206 पन्नों के इस आरोप पत्र में आरोपी की मानसिक स्थिति खराब होने का कोई जिक्र नहीं है. आरोपी आरपीएफ जवान चेतन सिंह के खिलाफ आईपीसी की धारा 427 और 506 बढ़ाई गई है, जबकि हत्या की धारा 302 और दो समाजों में नफरत पैदा करने की धारा 153 अ पहले से लगी है. चार्जशीट में 150 गवाहों के बयान जोड़े गए हैं. जिनमें रेल में मौजूद और आरोपी को बंदूक से गोली दागते हुए और उसमें से धुंआ निकलते हुए देखने वाले चश्मदीद यात्री भी हैं.

**सबूत के तौर पर CCTV फुटेज भी**

जीआरपी ने 164 सीआरपीसी के तहत मजिस्ट्रेट के सामने शिकायतकर्ता अमेय आचार्य सहित तीन लोगों का बयान भी दर्ज कराया है. चार्जशीट में वीडियो फुटेज भी सबूत के तौर पर जोड़े गए हैं, जिसमे सीसीटीवी और यात्रियों द्वारा रिकॉर्ड की गई वीडियो भी शामिल हैं. हालांकि सीसीटीवी में फायरिंग का वीडियो नहीं है, बल्कि आरोपी बंदूक के साथ जाते हुए दिखाई पड़ रहा है. पुलिस ने बताया कि आरोपी को अकोला जिले की एक जेल में स्थानांतरित किया गया है, जो फिलहाल न्यायिक हिरासत में है. पुलिस के मुताबिक, चूंकि आरोपी को अदालत में पेश करना खतरनाक है इसलिए उसे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया जा रहा है, लेकिन बचाव पक्ष ने इसका विरोध किया है. पुलिस ने मजिस्ट्रेट से अनुरोध किया, 'इस तरह के हालात में चेतन की गैर मौजूदगी में कृपया मामले को सत्र अदालत को हस्तांतरित कर दिया जाए.'जांच एजेंसी ने यह आश्वासन दिया कि आरोपपत्र की एक प्रति जेल में ही आरोपी को मुहैया करा दी जाएगी. बता दें कि आरोपी चेतन सिंह फिलहाल अकोला जेल के बंद है. अदालत ने मामले की सुनवाई दो नवंबर के लिए निर्धारित कर दी है.

## संपादकीय / लेख



# संसद के पाले में गेंद

आखिरकार, सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक शादी को कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया। ऐसे कपल्स को गोद लेने का अधिकार भी नहीं मिला। इसी साल अप्रैल और मई में सुनवाई पूरी करने के करीब पांच महीने बाद मंगलवार को आया यह फैसला छ्त्र्क्षळद बिरादरी और उसके समर्थकों के लिए निराशाजनक कहा जाएगा। खासकर इसलिए भी कि 2018 में समलैंगिक रिश्तों को प्रतिबंधित करने वाली धाराएं सुप्रीम कोर्ट की ओर से खारिज किए जाने के पांच साल बाद उम्मीद की जा रही थी कि शीर्ष अदालत के दखल से समाज इस दिशा में एक कदम और आगे बढ़ेगा। वह संभव नहीं हुआ। हालांकि फैसले को देखने से यह भी साफ होता है कि सुप्रीम कोर्ट समलैंगिक रिश्तों को किसी भी मायने में कमतर समझे जाने के पक्ष में नहीं है। फैसले में अलग-अलग तरह से यह बात रेखांकित की गई है कि ऐसे रिश्ते बनाने वालों के साथ किसी भी तरह का भेदभाव नहीं होना चाहिए और सभी सुविधाओं तक उनकी निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करने के प्रयास किए जाने चाहिए। कोर्ट के फैसले का मुख्य आधार यह रहा कि इन शादियों को कानूनी मान्यता देने का सवाल विधायिका के अधिकार क्षेत्र में आता है। संवैधानिक लिहाज से यह आधार वाजिब है और अपनी सीमा का सम्मान कर सुप्रीम कोर्ट ने सही किया। लेकिन अहम सवाल यह है कि क्या संसद इस दिशा में अपनी तरफ से पहल करके ऐसा कोई कानून बनाएगी? इसमें कोई बाधा नहीं होनी चाहिए। जब बतौर नागरिक दो वयस्क व्यक्ति अपनी इच्छा से संबंध बनाने और साथ रहने के हकदार हैं तो उनके उस संबंध को कानूनी मान्यता भी मिलनी ही चाहिए। इस दिशा में मौजूदा नियम-कानूनों की जो बाधाएं हैं, उन्हें दूर किया जाना चाहिए। यह काम संसद कर सकती है और उसे करना भी चाहिए। लेकिन जो तथ्य इस बारे में ज्यादा आशान्वित नहीं होने दे रहा वह है मौजूदा सरकार का इस सवाल पर दिखा रुख। सरकार ने इस मामले में कोर्ट में दोहराया कि समलैंगिक शादियों को कानूनी मान्यता नहीं दी जानी चाहिए क्योंकि इससे कई तरह की कानूनी उलझनें पैदा होंगी। यही नहीं, उसका यह भी कहना था कि यह एक इलीटिस्ट और शहरी अवधारणा है और इस तरह का संबंध रखने वाले लोगों की संख्या देश में बहुत कम है। हालांकि उखक ने अपने फैसले में साफ कहा कि इसे सिर्फ इस आधार पर शहरों तक सीमित अवधारणा नहीं कहा जा सकता कि ऐसे संबंधों के ज्यादातर उदाहरण शहरों में ही देखने को मिलते हैं। इसका कारण यह हो सकता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में समाज के दबाव में लोग ऐसे संबंध खुलकर स्वीकार नहीं कर पाते। बहरहाल, इससे इतना तो स्पष्ट है ही कि संसद के मौजूदा बहुमत से इस दिशा में किसी कारगर पहल की उम्मीद नहीं की जा सकती।

फैसल शेख
(प्रधान संपादक)
+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# "29 अकटूबर को आपरेशन मुक्त भिवंडी" द्वारा 11वाँ महामेगा मेडिकल चेक-अप व अपरेशन शिविर...

## जिले के नामचीन अस्पताल के डाक्टर होंगे सामिल

**मुस्तकीम खान संवाददाता**

**भिवंडी** : एशिया का मानचेस्टर कहा जाने वाले भिवंडी शहर में मजदूरों को प्रशासन द्वारा समुचित चिकित्सीय व्यवस्था उपलब्ध नहीं होने के कारण गरीब मजदूर तबके के लोगों को कई गंभीर बीमारियों के संकट से जूझना पड़ता है । जिसके कारण भिवंडी शहर में कई कल्याणकारी संगठनों द्वारा समय समय पर मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन कर मध्यम वर्ग के लोगों की सहायता करने का कार्य करते रहते हैं इसी तरह आपरेशन मुक्त भिवंडी, ठ्ऱ्क्ष्ड द्वारा भिवंडी स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल गणेश सुसायटी में मुफ्त महामेगा मेडिकल कैंप व अपरेशन का आयोजन 29 अक्टूबर सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक किया



जा रहा है । इस मेगा मेडिकल कैंप में जुपिटर अस्पताल ठाणे,मातुश्री गंगुबाई संभाजी शिंदेअस्पताल ठाणे,धर्मवीर आनंद दिघे हृदय और यूरोकेयर सेंटर ठाणे,सिराज मेमोरियल अस्पताल भिवंडी, के विशेषज्ञ डाक्टर मौजूद रहेंगे ।संस्था के अध्यक्ष डा,शफीक सिद्दीकी ने बताया कि मेडिकल केम्प में बालचिकित्सा सर्जरी (बच्चों की विभिन्न बीमारियों का ऑपरेशन) बच्चों का हर्निया, हाइड्रोसील,बच्चों के पैरों में पानी भर जाता है उसका ऑपरेशन,बच्चों में अपेंडिक्स ऑपरेशन,बच्चों के दिल में छेद का ऑपरेशन,महिला रोगों के लिए गर्भाशय व महिलाओं की बीमारियों की जांच कर दवाइयां दी जाएंगी। गुर्दे की पथरी की सर्जरी,मूत्रवाहिनी पथरी गुर्दे की पथरी का ऑपरेशन,मूत्र मूत्राशय की पथरी का ऑपरेशन, त्वचारोग एवं उपचार के लिए.प्लास्टिक सर्जरी बीमारी के कारण होंठ टेढ़ा हो जाने पर प्लास्टिक सर्जरी,यदि मधुमेह के कारण पैर में चोट लगती है तो पूरा इलाज निःशुल्क किया जाएगा ।मुंह का कैंसर का चेकब और इलाज,जो लोग गुटखा, तम्बाकू का सेवन करते हैं। यदि उनका मुंह पूरी तरह से नहीं खुलता है, मुंह में घाव हैं, गाल सूजे हुए हैं या सांसों से दुर्गंध आती है, तो कृपया ऑपरेशन मुक्ता भिवंडी संस्था के निःशुल्क महा मेगा चिकित्सा शिविर में आएं और अपना चेकप कराएं।

यदि आपके मुंह में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की शुरूआत है। तुरंत पता लगाने का सुनहरा अवसर है ।साथ ही हड्डी के रोग,दांतों के रोगों के लिए चेकब व इलाज भी किया जाएगा।

# चीनी दूतावास पर भारत तिब्बत सहयोग मंच का प्रचंड प्रदर्शन




**नई दिल्ली** : नई दिल्ली स्थित चीनी दूतावास पर भारत-तिब्बत सहयोग मंच ने आक्रोश व्यक्त करते हुए प्रचंड प्रदर्शन किया । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक माननीय डॉ. इंद्रेश कुमार जी के मार्गदर्शन में संचालित भारत-तिब्बत सहयोग मंच दिल्ली प्रांत के कार्यकारी अध्यक्ष श्री सुनील गर्ग के नेतृत्व में किए गए इस प्रचंड प्रदर्शन में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय महामंत्री श्री पंकज गोयल ने कहा कि चीन मानवता की दृष्टि से पूरी दुनिया के लिए नासूर बन गया है ।चीन अपनी विस्तार वादी नीति के कारण अपने पड़ोसी देशों के लिए खतरा बन चुका है ।इसी विस्तार वादी नीति के तहत 20 अक्टूबर 1962 को चीन ने भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया और भारत की काफी भूमि हड़प ली ।चीन ने दुनिया के सबसे शांति प्रिय देश तिब्बत पर भी अवैध कब्जा किया हुआ है । भारत तिब्बत सहयोग मंच 1962 में चीन द्वारा किए गए हमले की घोर निन्दा करता है और उससे आग्रह करता है कि चीन अपनी हद में रहे और चैन से रहे तथा अन्य देशों को भी चैन से रहने दे । श्री गोयल ने कहा कि चीन जैसा देश जिस देश का भी पड़ोसी होगा वह तो वैसे भी चैन से नहीं रह पायेगा किन्तु मेरा स्पष्ट रूप से मानना है कि एक न एक दिन तो चीन की तानाशाही खत्म होगी, घुटनों के बल आयेगा तब उसे तिब्बत को आजाद करना पड़ेगा और कैलाश मानसरोवर भी मुक्त होगा ।

भारत-तिब्बत सहयोग मंच के कार्यकर्ता भारी संख्या में हाइफा चौक कर एकत्रित हुए और नारे लगाते हुए आगे बढ़ने लगे तो सुरक्षा बलों ने आगे से रोक लिया । इस अवसर पर मुख्य वक्ता एवं राष्ट्रीय महामंत्री श्री पंकज गोयल के अतिरिक्त केंद्रीय अल्पसंख्यक आयोग, भारत सरकार की सदस्य श्रीमती रिंचिन लामो, निर्वासित तिब्बत सरकार के पूर्व डिप्टी स्पीकर आचार्य याशी फूंछोक, श्री सूर्यभान पांडेय, श्री रवीन्द्र गुप्ता, वीरेन्द्र अग्रवाल, चौधरी मांगेराम, श्रीमती श्वेता सैनी, श्रीमति संजना चौधरी, श्री नेत्रपाल शर्मा आदि कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए' प्रदर्शन में उपस्थित लोगों में चीन के विरुद्ध काफी आक्रोश देखने को मिला ' इस प्रदर्शन का संचालन महामंत्री एडवोकेट ललित कुमार जादौन एवं डॉ. आर. पी. सिंह ने किया.

# पुणे ZP के शिक्षा विभाग से नाराज हैं अजित पवार...

## लोकसभा चुनाव को लेकर भी की बड़ी टिप्पणी

**पुणे**: स्कूलों की 'सेल्फ अप्रूवल' फाइल पर 'वेटेज' डाले बिना कोई मंजूरी नहीं मिलती। यदि स्कूल शिक्षा विभाग से संपर्क नहीं करते हैं, तो स्कूल का प्रस्ताव खराब हो जाता है। स्वयं की पहचान के लिए रेट कार्ड बनाया जाता है। पालक मंत्री अजीत पवार ने जिला परिषद (ZP) शिक्षा विभाग पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा विभाग में व्याप्त कुव्यवस्था को समय रहते सुधारा जाना चाहिए, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी. पालकमंत्री बनने के बाद अजित पवार शनिवार को पहली बार जिला परिषद आये. उस वक्त उन्होंने विभिन्न विभागों की समीक्षा की. वह उस समय बात कर रहे थे. सहकारिता मंत्री दिलीप वलसे पाटिल, विधायक दिलीप मोहिते पाटिल, अतुल बेंके, कलेक्टर डॉ. राजेश देशमुख, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रमेश चव्हाण, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी चंद्रकांत वाघमारे, जिला ग्रामीण विकास प्रणाली शालिनी कडू, जिला योजना अधिकारी किरण इंदलकर आदि उपस्थित थे। फरवरी में लोकसभा चुनाव होने की संभावना है. तब तक, जिला परिषद के फंड को खर्च करें अन्यथा यह फंड राज्य सरकार के पास वापस चला जाएगा,'' पवार ने जिला परिषद



का ध्यान आकर्षित किया। सहकार मंत्री दिलीप वलसे पाटिल ने निर्माण विभाग के काम की शिकायत की. अजित पवार ने इसका संज्ञान लिया. अगर कोई गलत काम होगा तो किसी की नहीं सुनी जाएगी. निर्माण विभाग ने कहा, 'दोषी पाए जाने पर वह मुकदमा दर्ज करने का आदेश देंगे।' भारत में विभिन्न धर्मों के लोग हिंदू थे, विदेशी आक्रमणों के कारण उन्होंने धर्म परिवर्तन किया, ऐसा फड़णवीस का दावा है''जलजीवन मिशन के काम रुके हुए हैं, उन ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करें। जिला परिषद के तहत कार्य स्वीकृत करते समय दस्तावेजों का सत्यापन किया जाए। एक बार स्वीकृत कार्यों की सूची प्राप्त होने के बाद, निविदा प्रक्रिया में आठ से नौ महीने लगते हैं। यह एक गंभीर मामला है। पवार ने प्रशासन को सुझाव भी दिया कि इसमें सुधार किया जाना चाहिए. जिले के जन प्रतिनिधि विभिन्न कार्यों के लिए जिला परिषद से पत्राचार करते हैं।




# मुंबई में 16,180 करोड़ रुपये से ज्यादा के की धोखाधड़ी... पुलिस को चक्कर में डाले

**मुंबई :** एक डिजिटल भुगतान कंपनी ने रोजाना किए जाने वाले लाखों लोगों में से एक लेनदेन पर नजर डाली, तो पता लगा कि यह 16,180 करोड़ रुपये से ज्यादा के धोखाधड़ी वाला लेनदेन है। यह जनवरी 2018 के पंजाब नेशनल बैंक घोटाले से भी बड़ा था, जिसमें शीर्ष हीरा व्यापारी शामिल थे। इस मामले ने ठाणे पुलिस को चक्कर में डाल दिया। इस बड़े घोटाले का आधिकारिक तौर पर खुलासा 9 अक्टूबर को ठाणे के श्रीनगर पुलिस स्टेशन द्वारा किया गया, जिसने सेफएक्सपे टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, ठाणे द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद एफआईआर दर्ज की। पुलिस जांचकर्ताओं ने कहा कि सेफएक्सपे के पेआउट प्लेटफॉर्म को कथित तौर पर कुछ अज्ञात संस्थाओं द्वारा हैक कर लिया गया था, और बाद की जांच से पता चला कि कम से कम 16,180 करोड़ रुपये की हेराफेरी की गई है, जिसमें से कुछ पैसे विदेश भेजे गए हैं। ठाणे स्थित सेफएक्सपे के संस्थापक-सीईओ रवि गुप्ता ने कहा कि यह घोटाला अप्रैल के आसपास सामने आया जब दिल्ली, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के चार व्यापारियों ने बैंक शेष और सिस्टम शेष के बीच संदिग्ध विसंगतियों की सूचना दी। सेफएक्सपे की वित्तीय संचालन टीमों द्वारा सावधानीपूर्वक आंतरिक जांच में पाया गया कि इन चारों में से एक व्यापारी के लॉगिन से छेड़छाड़ की गई है और आगे यह पाया गया कि संदिग्ध लेनदेन उनका नहीं था। सेफएक्सपे, जिसके बारे में कहा जाता है कि वह हर दिन 100,000 से अधिक लेनदेन संभालता है, ने तुरंत लाभार्थियों और संबंधित बैंकों को मामले की





सूचना दी, साथ ही तथाकथित 'गोल्डन पीरियड' में पैसों के अवैध हस्तांतरण को रोकने की प्रक्रिया शुरू की। गुप्ता ने कहा, इस साइबर अपराध के चलते 25 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ और खुलासे से हैरान सेफएक्सपे ने तुरंत 20 अप्रैल को ठाणे पुलिस साइबर अपराध जांच सेल और राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। कंपनी ने इसके बाद 16 जून, 2023 को विस्तृत साक्ष्य और अन्य सामग्री के साथ श्रीनगर पुलिस स्टेशन में एक विस्तृत एफआईआर दर्ज की। गुप्ता ने कहा, 'गोल्डन पीरियड' के दौरान सुधारात्मक उपाय करने से सेफएक्सपे को अपने भुगतान प्लेटफॉर्म से 25 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का पता चलने पर लगभग 7 करोड़ रुपये बचाने में मदद मिली। सेफएक्सपे ने एक व्यापक सिस्टम विश्लेषण करने के लिए साइबर विशेषज्ञों, फोरेंसिक ऑडिटरों और अन्य लोगों को शामिल किया, कि हैकर्स ने सिस्टम में कैसे प्रवेश किया और पैसे कैसे उड़ाए, उनकी कार्यप्रणाली, और लाभार्थी खातों का विश्लेषण, और विस्तृत रिपोर्ट ठाणे पुलिस को सौंपी गई। ठाणे पुलिस की जांच में विभिन्न फर्जी बैंक खातों का उपयोग कर अलग-अलग संस्थाओं द्वारा किए गए कम से कम 16,180 करोड़ रुपये के भ्रामक लेनदेन का खुलासा हुआ और सेफएक्सपे से पूरी तरह से असंबंधित था।

पुलिस ने कहा कि 25 करोड़ रुपये की रकम ठाणे स्थित कंपनी रियाल एंटरप्राइजेज के एचडीएफसी बैंक खाते में पहुंची, जिसकी ठाणे और नवी मुंबई में पांच शाखाएं हैं। रियल एंटरप्राइजेज की जांच से पता चला कि विभिन्न बैंकों में अलग-अलग नामों से लगभग 260 खातों का इस्तेमाल कथित तौर पर वित्तीय धोखाधड़ी को अंजाम देने के लिए किया गया था। ठाणे पुलिस ने कहा, "इन 260 खातों के बैंक स्टेटमेंट की विस्तृत जांच से 16,180 करोड़ रुपये की भारी हेराफेरी का अनुमान लगाया गया है, जिसका एक हिस्सा विदेशी खातों में स्थानांतरित किया गया है।" ठाणे पुलिस ने अब तक दो लोगों अमोल अंधाले उर्फ अमन और समीर उर्फ केदार दिंघे को गिरफ्तार किया है। टीमें संजय सिंह और जितेंद्र पांडे सहित अन्य की तलाश कर रही हैं। पुलिस को संदेह है कि फर्जी दस्तावेजों के साथ बैंक खाते खोलने और बैंकों और सरकार को धोखा देने के इरादे से फर्जी कागजात के साथ इकाइयां चलाने के बड़े रैकेट में कई और लोग शामिल हैं।

एक अधिकारी ने कहा, "धोखाधड़ी के चलते, सेफएक्सपे ने अब विभिन्न टीमों द्वारा अधिक निगरानी, प्लेटफॉर्म पर किसी भी संदिग्ध लेनदेन के लिए अतिरिक्त अलर्ट (1 घंटे के बजाय 4 घंटे) सक्षम करने, सिस्टम स्तरों पर सतर्कता, वास्तविक समय की निगरानी और फोरेंसिक जांच के साथ अपने सिस्टम को कड़ा कर दिया है।

## पीएमओ ने प्रदूषण को नियंत्रित करने को कहा



**मुंबई :** मुंबई में पिछले कुछ दिनों से प्रदूषण का राक्षस विशाल रूप धारण करता जा रहा है। मुंबइकारों की तबीयत और मिजाज बिगड़ने लगा है। कभी साफ-सुथरी दिखनेवाली मुंबई अब धूल और कण के चलते प्रदूषित हवाओं के घने कोहरे के साए में आ गई है, जिसे लेकर सब तरफ हाहाकार मचा हुआ है। राज्य की 'घाती' सरकार के आदेशों पर चल रही मुंबई मनपा भी प्रदूषण को रोकने में सफल नहीं हो पा रही है। इस प्रदूषण की गूंज दिल्ली में बैठे 'घाती' शिंदे के आकाओं तक पहुंच गई है और उन्होंने मुख्यमंत्री शिंदे को तलब किया है। शिंदे को प्रदूषण बढ़ने के मुद्दे पर पीएमओ ने फोन कर खरी-खोटी सुनाई है।

सूत्रों की मानें तो पीएमओ ने

## वाशी में फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 23 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**ठाणे:** नवी मुंबई के वाशी इलाके में पुलिस ने एक मॉल से संचालित किए जा रहे फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया तथा इस संबंध में उसके मालिक और प्रबंधक सहित 23 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।




**कॉल सेंटर पर छापेमारी**

वाशी पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने खुद को अमेरिकी कंपनियों के प्रतिनिधि के रूप में पेश किया तथा वहां के लोगों को वियाग्रा और सियालिस जैसी दवाएं बेचीं। आरोपियों ने लोगों के क्रेडिट और डेबिट कार्ड की जानकारी ली और उन्हें धोखा दिया। उन्होंने बताया कि शनिवार को कॉल सेंटर पर छापेमारी कर वहां से 3.97 लाख रुपये मूल्य की हार्ड डिस्क और बिजली के सामान तथा अन्य उपकरण बरामद किए गए।

**फर्जी नामों का इस्तेमाल**

अधिकारी ने बताया कि आरोपी कुछ सॉफ्टवेयर का उपयोग करके कॉल करते थे। कॉल सेंटर के मालिक ने कथित तौर पर मुंबई के मलाड स्थित एक व्यक्ति से अमेरिकी लोगों का डेटा खरीदा और कर्मचारियों ने दवाई बेचने के लिए उन लोगों को फोन करने के वास्ते फर्जी नामों का इस्तेमाल किया। उन्होंने बताया कि दवाओं की बिक्री से प्राप्त आय खारघर इलाके में एक बैंक शाखा में एक भारतीय कंपनी के खाते में जमा की गई थी।

**13 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज**

अधिकारी ने बताया कि इस मामले में 23 लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 419, 420 और 34 के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। नवी मुंबई पुलिस ने भी शनिवार को नेरुल इलाके में एक मॉल से संचालित हो रहे ऐसे ही फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया और उस संबंध में 13 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

## नशे के नासूर को खत्म करना सबकी जवाबदारी...

### हमें मिलकर कर इससे लड़ना होगा, डीसीपी




**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी :** भिवंडी नवजवानों में बढ़ते नशाखोरी के खिलाफ जागरूकता लाने के लिए नेशनल 'मन राइट्स एंड 'मेनटेरियन फेडरेशन के अध्यक्ष अब्दुल जब्बार शेख द्वारा शहर के अलग अलग स्कूलों में "नशामुक्त अभियान" कार्यक्रम करके जागरूकता अभियान चला रहे है । जब्बार शेख ने कैसर बेगम स्कूल व आशीर्वाद हिंदी स्कूल सहित अमजदिया स्कूल मे "नशा मुक्त अभियान" कार्यक्रम रखा गया जिसमें भिवंडी के पुलिस उपायुक्त नवनाथ ढवले, समदिया हाई स्कूल के प्रिंसिपल साजिद सिद्दीकी , इकबाल सिद्दीकी मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे । भिवंडी परीमंडल झोन 2 के पुलिस उपायुक्त नवनाथ धवले ने नशा मुक्त अभियान जागरूकता कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम की आवश्यकता है । भिवंडी पुलिस नशे के कारोबार करने वाले और नशा का सेवन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही कर रही है और यह आगे भी जारी रहेगा । अगर कोई नशेड़ी प्रतिबंधित नशे या एमडी ड्रग के साथ पकड़ा जाता है तो उसके ऊपर एनडीपीएस के तहत कार्यवाही की जा रही है जिसमे जमानत नहीं मिलती है । नशे के नासूर को खत्म करने की जवाबदारी हम सब की है हमें मिलकर इससे लड़ना होगा । पुलिस उपायुक्त ने उपस्थित लोगों के बीच अपने मोबाइल नम्बर साझा करते हुए अपील किया कि असामाजिक तत्वों द्वारा नशे का कारोबार करने वालो की जानकारी मुझे मैसिज करके दे उनपर कार्यवाही की जाएगी , उन्होंने बच्चों के मां बाप से अपील की, कि अपने बच्चों पर नजर रखे उन्हें बेहतर नागरिक बनाएं । इस कार्यक्रम में अमजदिया स्कूल के प्रिंसिपल महबूब आलम खान , मुफ़्ती जावेद , ट्रस्टी हाजी सिराज खान, सचिव हामीद खान , समाजसेवक अब्दुल लतीफ बाबा , अहमद सिद्दीकी,जाकिर मोमीन अयाज अंसारी, अकबर भाई आदि मौजूद रहे कार्यक्रम में आए हुए मेहमानो को नशा मुक्ती अभियान का शिल्ट देकर संमानित किया गया।

## पालघर जिले में मंदिर में घुसकर नकदी चुराने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

**पालघर :** महाराष्ट्र के पालघर जिले में पुलिस ने रविवार को कहा कि एक मंदिर में कथित तौर पर घुसने और दान पेटी से नकदी चुराने के आरोप में 26 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।वरिष्ठ निरीक्षक रंजीत अंडाले ने बताया कि पुलिस ने गिरिज इलाके में एक मंदिर में कथित तौर पर तोड़फोड़ करने के आरोप में शुक्रवार को नल्ला सोपारा निवासी शब्बीर उर्फ फतेह मुर्तजा अली शेख को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि आरोपी 8 अक्टूबर को तड़के करीब 2 बजे मंदिर में दाखिल हुआ और दान पेटी से 4,500 रुपये नकद



लेकर फरार हो गया। अधिकारी ने बताया कि वसई पुलिस ने अपराध दर्ज किया और आरोपी को पकड़ने के लिए दो टीमें गठित कीं।


इलाके के सीसीटीवी फुटेज में आरोपी को मंदिर से बाहर निकलते और ऑटोरिक्शा चलाते हुए दिखाया गया है। उन्होंने कहा, जांच से पता चला कि वाहन वलिव पुलिस स्टेशन की सीमा से चोरी हो गया था। पूछताछ के दौरान, आरोपी ने कहा कि वह वलिव, वसई और मानिकपुर पुलिस थाना क्षेत्रों में तीन और अपराधों में शामिल था, अधिकारी ने कहा, चोरी की नकदी और ऑटोरिक्शा बरामद कर लिया गया है। इजराइल-हमास युद्ध कवरेज अपने साथ जमीन से परेशान करने वाले दृश्य और फुटेज लेकर आया है। इजराइल के प्रेषण के हिस्से के रूप में, परेशान करने वाले दृश्य कैमरे पर कैद किए गए होंगे।

## ट्रैफिक जाम की समस्या को हल करने के लिए तीन फ्लाईओवर का निर्माण



**ठाणे :** मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमएमआरडीए) ट्रैफिक जाम की समस्या को हल करने के लिए घोड़बंदर मार्ग पर आनंद नगर, कासरवडवली और गायमुख इलाकों में तीन फ्लाईओवर का निर्माण करने जा रही है। कासरवडवली फ्लाईओवर के निर्माण के लिए बैरिकेडिंग और अन्य आवश्यक कार्य बुधवार से शुरू किए गए हैं। मुख्य सड़क पर वास्तविक काम एक महीने के भीतर शुरू हो जाएगा। ऐसे में दिवाली के बाद घोड़बंदर मार्ग पूरे एक साल के लिए लोगों को यातायात जाम का सामना करना पड़ना निश्चित है।

# जिस मुद्दे पर इजराइल और हमास लड़ रहे हैं उस पर भारत ने कभी संघर्ष नहीं देखा: RSS प्रमुख भागवत



**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि हिंदू धर्म सभी संप्रदायों का सम्मान करता है और भारत ने कभी भी उन मुद्दों पर झगड़े नहीं देखे हैं, जिनके कारण हमास-इजरायल युद्ध चल रहा है। वह मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक के 350 वर्ष पूरे होने के अवसर पर शनिवार को यहां एक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। ''इस देश में, एक धर्म, संस्कृति है जो सभी संप्रदायों और आस्थाओं का सम्मान करती है। वह धर्म हिंदू धर्म है। यह हिंदुओं का देश है। इसका मतलब यह नहीं है कि हम अन्य सभी (धर्मों) को अस्वीकार करते हैं। एक बार जब आप हिंदू कहते हैं, तो यह नहीं है भागवत ने कहा, ''यह बताने की जरूरत है कि मुसलमानों की भी रक्षा की गई है। केवल हिंदू ही ऐसा करते हैं। केवल भारत ही ऐसा करता है। दूसरों ने ऐसा नहीं किया है।''

''हर जगह, संघर्ष चल रहा है। आपने यूक्रेन में युद्ध, हमास-इजराइल युद्ध के बारे में सुना होगा। हमारे देश में, ऐसे मुद्दों पर कभी युद्ध नहीं हुए। शिवाजी महाराज के समय में आक्रमण उस तरह का था। लेकिन हमने कभी नहीं लड़ा आरएसएस प्रमुख ने दर्शकों से कहा, ''इस मुद्दे पर किसी के भी साथ लड़ाई हो सकती है। इसीलिए हम हिंदू हैं।'' इजराइल-हमास युद्ध कवरेज अपने साथ जमीन से परेशान करने वाले दृश्य और फुटेज लेकर आया है। इजराइल के प्रेषण के हिस्से के रूप में, परेशान करने वाले दृश्य कैमरे पर कैद किए गए होंगे।

# पूर्व मंत्री आरिफ नसीम खान के जन्म दिन के अवसर पर उमाडा जनसैलाब

## नसीम खान जरूरतमंद नागरिको को मुफ्त वैधिक सुविधा, जीवन अवशयक वस्तुवो का वितरण किया



**मुंबई (फिरोज सिद्दीकी)** चाँदीवली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की जनता आज पूर्व मंत्री विधायक रहे चुके आरिफ नसीम खान के जन्म दिन के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़े पैमाने पर उपस्थित दिखाई दी। वाही नसीम खान ने इस वर्ष भी आरोग्य कैंप का आयोजन किया था। इतना ही नही स्वास्थ परीक्षण करवाने वाली जनता को अपने जन्म दिन पर जीवन अवशयक सामग्री से भरा बड़ा बॉक्स दिया। दूसरी ओर एक बड़ा जन समूह के तौर पर उपस्थित जनता गुलदस्ता, शाल ओढ़कर सम्मान करते हुए नसीम खान का दिखाई दिये। कहा जाता है की पहले जैसी मंत्री विधायक वाली बात भले ही न हो पर आज भी आरिफ नसीम खान के चाहने वाले समर्थको की संख्या मे कोई कमी नहीं दिखाई दि। क्या नव युवक क्या बूढ़े सभी नसीम खान को लंबी उम्र की धुआँए देने जरीमारि कार्यालय के सामने बड़ी भीड़ जमा दिखाई देती रही।

# शांतिनगर पुलिस ने एमडी तस्कर को गिरफ्तार कर 110 ग्राम मेफेड्रॉन किया बरामद

**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी:** भिवंडी के शांतिनगर पुलिस ने एक ऐसे युवक को गिरफ्तार किया है जिसके पास से लाखों रुपए का एमडी ड्रग्स बरामद हुआ है। इसके साथ ही पुलिस ने गिरफ्तार युवक के पास से ५० हजार रुपए कीमत के दो मोबाइल फोन भी जप्त किया है। बता दें कि शहर में नशेड़ियों के विरुद्ध भिवंडी परिमंडल दो के पुलिस उपायुक्त नवनाथ धावले के आदेशानुसार जारी अभियान के तहत विभिन्न पुलिस स्टेशनों ने कई नशा बाजों को जेल की सलाखों के पीछे भेजा है।

इस जारी अभियान के तहत शांतिनगर पुलिस स्टेशन के गुनाह पुलिस निरीक्षक विक्रम मोहिते को गुप्त सूचना मिली के कल्याण रोड स्थित भादवड़ में वाशिंग सेंटर के पास एक युवक ड्रग्स की बिक्री करने आने वाला है। जानकारी मिलते ही भिवंडी पूर्व विभाग के सहायक पुलिस आयुक्त किशोर खैरनार व शांतिनगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ट पुलिस निरीक्षक शंकर इंदलकर के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक (गुन्हे) विक्रम मोहिते, सहायक पुलिस निरीक्षक सुरेश चोपडे, पुलिस हवलदार सय्यद, पुलिस नाईक धायगुड़े, मोहिते, जाधव, मुके समेत



पुलिस टीम ने जाल बिछाकर एक संदिग्ध युवक हिमांशु दीपेंद्र सिंह २६ वर्ष को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर युवक के पास से ६ लाख ७१ हजार रुपए कीमत का मेफेड्रोन (एमडी) बरामद हुआ। इसके साथ ही पुलिस ने युवक के पास से ५० हजार रुपए कीमत के दो मोबाइल फोन भी जप्त किया है। इस तरह पुलिस ने कुल ७ लाख २१००० हजार मूल्य का सामान जप्त किया है। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया युवक नशे की इस बड़ी खेप को शहर में बिक्री करने के उद्देश से लाया हुआ है। इस नशे की तस्करी में युवक के और भी साथीदार शामिल होने की आशंका जताई जा रही है। जिसकी कार्रवाई पुलिस कर रही है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की कलम ८ (क) २२ (क) २९ के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# गोवंडी में शिवसेना शिंदे गुट विभाग प्रमुख परमेश्ववर कदम के हाथों शाखा का उदघाटन संपन्न !



**मुंबई (फिरोज सिद्दीकी)** गोवंडी गौतम नगर भीम वाडी मे एकनाथ शिंदे गुट शिवसेना पार्टी की शाखा का उदघाटन संपन्न गौर तलब हो की बढ़ती चुनावी सारगर्मि के बीच शिवसेना एकनाथ शिंदे गुट लोकसभा विधान सभा चुनावो के लिए मुखयामंत्री एकनाथ शिंदे ने भी सभी चुनवो लड़ने के संकेत दे दिया है ।जिसके कारण पार्टी कार्यकर्ताओ को पूरी तरह से काम पर जुट जाने का संदेश दे चुके है । जिसके चलते आज शिंदे गुट की गोवंडी गौतम नगर शाखा के उदघाटन विभाग प्रमुख परमेश्ववर कदम के हाथों संपन्न हुआ है। मीडिया से बातचीत करते हुए शिंदे गुट विभाग प्रमुख परमेश्ववर कदम ने कहा की मानखुर्द शिवाजीनगर मे पिछले पंद्रह वर्षों मे निर्वाचन क्षेत्र के सपा विधायक अबू आसीम आजमी ने अपने कार्यकाल मे कोई विकास का कार्य नहीं किया जिसकी चर्चा की जाये। उल्टा निर्वाचन क्षेत्र की जनता स्वछता के आभाव मे जीने को मजबूर है। इतना ही नहीं निर्वाचन क्षेत्र की जनता के अधिकांश युवक नशे की लत मे बर्बाद हो चले है। गोवंडी क्षेत्र जहरीले प्रदूषण की दोहरी मार से परेशान है । गौतम नगर मे पिछले 15 वर्षों से एक भी एस आर ए प्रकल्प विकसित नही हो पाया है। गौतम नगर भीम वाडी के शाखा प्रमुख कमराज तायडे के अनुसार तकरीबन ढाई हाजार की संख्या की आबादी प्रभावित है। जिससे राज्य के मुखया मंत्री एकनाथ शिंदे के जरिये पुरा करेंगे। उपरोक्त अवसर पर शाखा प्रमुख कामराज तायडे , भारतीय खरे विधानसभा महिला प्रमुख , मोरे मैडम उप विधान सभा प्रमुख , सन्नी चव्हान उप शाखा प्रमुख सहित शिंदे गुट के बड़ी संख्या मे पार्टी कार्यकर्ताओ का हुजुम देखने को मिला।

# पुणे से बड़ी खबर सामने आई है. यहां एक एयरक्राफ्ट क्रैश हुआ

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के पुणे से बड़ी खबर सामने आई है. यहां एक एयरक्राफ्ट क्रैश हुआ है. जिसके बाद एयरक्राफ्ट को इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी. नागर विमानन महानिदेशालय ने जानकारी देते हुए बताया कि रेड बर्ड एकेडमी टेक्नैम के विमान श्ळ-पह्ळ को बारामती हवाई क्षेत्र के पास आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी. प्रशिक्षक और प्रशिक्षु दोनों सुरक्षित हैं. आगे की जांच जारी है. वहीं, प्लेन क्रैश की जानकारी लगते ही हड़कंप मच गया.

### नी एयरक्राफ्ट ट्रेनिंग पर निकला था

जानकारी के अनुसार एक ट्रेनी एयरक्राफ्ट





ट्रेनिंग पर निकला था. लेकिन गोजूबावी गांव के पार एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया और तेज धमाके के साथ नीचे गिर गया. धमाके के आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे गांव वालों को पहले तो कुछ समझ नहीं आया लेकिन बाद में उन्होंने जलता हुआ एयरक्राफ्ट देखा. यह एयरक्राफ्ट एक लोक प्राइवेट ट्रेनिंग कंपनी का बताया जा रहा है. हादसे के समय एयरक्राफ्ट में तीन लोग सवार थे और एयरक्राफ्ट को ट्रेनी महिला पायलट चला रही थी.

### हादसे में महिला पायलट घायल

हादसे में महिला पायलट (22) घायल हो गई है, जिसको अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जबकि अन्य दो लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है. फिलहाल मामले की जांच की जा रही है.

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com